RAF SECTOR
NEWS CLIP
31/08/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Kalam E Rajasthan, Amer, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स ने मनाया 'राष्ट्रीय खेल दिवस'

कलम ए राजस्थान

आमेर। प्रवीण कुमार सिंह कमान्डेंट-83 बटालियन के मार्गदर्शन में 83 द्रुत कार्य बल लालवास जयपुर में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन की वर्षगांठ पर बड़े हर्षोल्लास के साथ "राष्ट्रीय खेल दिवस" मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रवीण कुमार सिंह कमान्डेण्ट ने मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए बताया कि उनका खेलों में बहुत बड़ा योगदान रहा है इसलिए उन्हे खेल के इतिहास में सबसे महान हॉकी खिलाड़ियों में से एक माना जाता है तथा उन्हे वर्ष 1928, 1932 और 1936 में हॉकी के क्षेत्र में तीन ओलंपिक स्वर्ण पद अर्जित किये। उन्होने अपने अन्तर्राष्ट्रीय कैरियर के दौरान 400 से अधिक गोल किए। जिसके लिए भारत सरकार ने 1956 में भारत के तीसरे सबसे बड़ा सम्मान "पद्म भूषण" से सम्मानित किया। इसी दिन को याद करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा उनका जन्मदिन 29 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने हेतु घोषित किया। इसलिए भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग खेलों में भाग लेते है। यह दिन न केवल लोगों के लिए मनोरंजन के रूप में काम करता है, बल्कि एक व्यक्ति के जीवन में खेल की भूमिका के बारे में भी जागरूकता फैलाता है। इसके अलावा मनुष्य के जीवन में खेलों के महत्व तथा प्रत्येक व्यक्ति को खेलों के माध्यम से अपने शरीर को फिट रखने के बारे में विस्तार से बताया। इसी के क्रम में आज वाहिनी मुख्यालय में अन्तर समवाय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता/उप विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर श्री प्रवीण कुमार सिंह कमान्डेंट के साथ सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी सभी राजपत्रित अधिकारीगण अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Jamshedpur, (JKD)

रैफ 106 बटालियन में हुआ क्रिकेट मैच

जमशेदपुर| हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस पर रैफ 106 बटालियन में भी इंटर कम्पनी क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया। इस खेल का उद्घाटन डॉ निशीत कुमार कमांडेंट 106 बटा0 तथा अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। खेल में अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं बल के जवानों ने हिस्सा लिया। खेल के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

Pioneer Samachar Seva, New Delhi/Meerut

हरियाणा के उपनिरीक्षक रैपो में लेंगे भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण

29 अगस्त से लेकर 2 सितंबर तक चलेगी ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मेरठ

लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ में हरियाणा पुलिस के 229 नवारक्षी उप निरीक्षक दंगा नियंत्रण के लिए 29 अगस्त से 2 सितंबर तक प्रशिक्षण लेंगे। इस कोर्स का विधिवत शुभारंभ सोमवार को रैपो मेरठ के प्रांगण में अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने इस प्रकार के प्रशिक्षणों को उनके लिये अत्यंत उपयोगी बताया। इस प्रशिक्षण के दौरान हरियाणा पुलिस के जवानों को दंगा नियंत्रण के सभी तकनीकी पहलुओ के साथ ही आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों और विशेष तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ये प्रशिक्षणार्थी अपने विभाग में सफल प्रांशिक्षु बनकर अपने साथियों को भी दंगा जैसी स्थितियों से निपटने में सहयोग देंगे। कुलवंत सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, हरियाणा पुलिस की अगुवाई में हरियाणा पुलिस के कुल 229 प्रशिक्षणार्थी जिसमें 196 पुरूष एवं 33 महिला नवारक्षी उप निरीक्षक शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय (भारत सरकार) के प्रयासों के फलस्वरूप स्थापित भारत के एक मात्र दंगा नियंत्रण एवं प्रबन्धन संस्थान द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में लोक व्यवस्था प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर सदा राम सिंह, उप. कमा., हरीश चन्द्र सिंह नेगी, उप. कमा., नीरज कुमार झा, उप. कमाण्डेंट, प्रमोद कुमार सिंह, सहा. कमाण्डेंट, अजीत कुमार, सहा. कमाण्डेंट तथा अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

NATIONAL SPORTS DAY CELEBRATIONS IN 106 RAF BN , JAMSHEDPUR .

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।